# 9. बंदर और गिलहरी

एक बंदर पेड़ पर बैठा था। बंदर की पूँछ बहुत लंबी थी। इतनी लंबी थी कि ज़मीन तक लटक रही थी। एक गिलहरी ज़मीन पर उछल-कूद कर रही थी।

१- 'बंदर' जैसे शब्द लिखें – बंदर – अंदर – समुंदर - ..........................

२- 'लटक' जैसे शब्द लिखें – मटक – पटक – चटक - ..........................

३ - 'बैठा' जैसे शब्द लिखें जो – 'ठा' पर अंत होते हों – जैसे अनूठा- अंगूठा

४ – 'पेड़' शब्द को आप और किन-किन नामों से जानते हैं ?

५ – 'पेड़' शब्द को अपने वाक्य में प्रयोग कीजिए ।

६ – जिन पेड़ों को आप पहचान सकते हैं, उनके नाम लिखिए।

७ – बहुत सारे पेड़ को तुम क्या कहोगे ?

८ – 'पेड़' जैसे शब्द लिखो –

९ – शब्द जो पेड़ के जैसे शुरू होते हैं – पेट, पेड़ा, पेटू ..............

१० - शब्द जो पेड़ के जैसे खत्म होते हैं – अधेड़ - मेड़ – भेड़ -

११ - पेड़ के किन – किन भागों के नाम आप जानते हो।

१२ - शब्द जो पूँछ के जैसे खत्म होते हैं - ____________

१३ - बहुत सारे पूँछ को तुम क्या कहोगे ?

१४ - शब्द जिसकी कूद के साथ तुकबंदी है – अमरूद , बारूद

१५ - शब्द जो कूद के जैसे खत्म होते हैं – वजूद, बावजूद, मौजूद

१६ – 'लटक' शब्द में नए अक्षर और मात्राएं जोड़कर शब्द बनाओ – लटकन, लटकना, लटकाओ, लटकवाना, लटको

LIVEWORKSHEETS